


पादरी टोनी अलामो दी अलामो क्रिश्चियन नेशन वॉल्यूम 17500

# अग्निमय रथ

**- टोनी अलामो**

जब भी लोग "रथ" शब्द देखते हैं तो उन्हें लगता है कि इसका केवल एक ही अर्थ है, "घोड़ों द्वारा खींची जाने वाली दो पहियों की गाड़ी जिसे प्रचीन समय में युद्ध, दौड़ आदि में इस्तेमाल किया जाता था।" वेबस्टर डिक्शनरी में भी कहा गया है कि "CAR देखें।" जब हम "car" शब्द देखते हैं तो पता चलता है कि यह लेटिन भाषा के शब्द "carrus" से बना है, जिसका अर्थ है "रथ"। रथ (Chariot) के निम्नलिखित अर्थ भी हैं "(1) पहियों से चलने वाला वाहन; (2) पटरी पर चलने वाला वाहन जैसे स्ट्रीट कार अथवा कैरिज; (3) ऑटोमोबाइल; और (4) एलिवेटर का घेरा।" आधुनिक परिभाषाओं में एयरक्राफ्ट, यूएफओ, उड़न तश्तरी और लोगों, स्वर्गदूतों आदि द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला वाहन। "रथ" (chariot) का हिब्रू अनुवाद "भीड़" अथवा "वैगन" होता है। इस प्रकार "रथ" शब्द के अनेक अर्थ हैं।



*पास्टर अलामो और उनकी स्वर्गीय पत्नी सुसान इंटरनेशनल टेलीविज़न प्रोग्राम में भाग लेते हुए, जिसे ग्रांड ओले ओपरी, नैशविले, टेनेसी में रिकॉर्ड किया गया था 1975 में लिया गया फोटो*

2 राजा 6:15 में, जब सुबह के समय परमेश्वर के मनुष्य (एलीशा) का परिचर (अथवा नौकर) उठकर देखता है कि घोड़ों और रथों समेत एक दल नगर को घेरे हुए है (ये अग्नि के रथ नहीं थे, क्योंकि इनमें केवल मानव लोग ही सवार थे)। एलीशा के परिचर ने पूछा, "स्वामी हम क्या करें?" "डरो मत," उसने कहा, "जितने लोग हमारी ओर हैं इनकी संख्या उन लोगों से अधिक है जो उनकी ओर हैं।" तब एलीशा ने परमेश्वर से यह प्रार्थना की, "हे प्रभु इसकी आँखें खोल दो ताकि यह देख सके।" और प्रभु ने नौकर की आँखें खोल दी उसने देखा कि एलीशा के चारों ओर की पहाड़ियों पर अग्निमय घोड़े और रथ खड़े हैं। ये रथ सीरियाई रथों से अलग थे, क्योंकि इन रथों में स्वर्गदूत बैठे थे। ये "अग्निमय रथ थे," और ईश्वर की इच्छा के बिना कोई मनुष्य इन्हें अपनी आँखों से नहीं देख सकता था। आज वह मनुष्यों को अधिकाधिक दिव्य उड़न तश्तरियाँ देखने दे रहा है। ये यीशु मसीह के पुन: धरती पर आने से पहले धरती का सर्वेक्षण कर रही हैं और ये लोगों द्वारा ईश निन्दा किए जाने, मूर्ति पूजा किए जाने और कई अन्य पापी तरीके अपनाए जाने की वजह से ईश्वर के आदेशों के अनुसार पृथ्वी पर जहाँ-तहाँ आपदाएँ ला रही हैं।[1]

कुछ का मानना है कि आपको जो करना है वह है केवल "यीशु मसीह" शब्दों में विश्वास करना और आपकी रक्षा कर ली जाएगी। दरअसल, इसका क्या तात्पर्य है कि हमें प्रभु यीशु के प्रत्येक वचन, किए गए कार्यों और उनके द्वारा अपने शरीर से किए जा रहे कार्यों में विश्वास करना चाहिए, इसका अर्थ है उसकी चर्च, उसकी ब्राइड। इसलिए वे हमें प्रकाशितवाक्य पुस्तक में बताते हैं कि हमें उत्साहपूर्वक उनका अनुसरण करना चाहिए।[2]

बहुत लोग दावा करते हैं कि वे उसके नाम में विश्वास करते हैं, दुष्टात्माएँ भी उसके नाम में विश्वास करती हैं और थरथराती हैं (याकूब 2:19)। तथापि, यीशु हमसे कहते हैं कि वह चाहता है कि हम उनका अनुसरण करें और पूरे उत्साह से उनकी सभी आज्ञाओं का पालन करें![3] यदि हमने उनकी एक भी आज्ञा का उल्लंघन किया तो समझें हमने उनकी सभी आज्ञाओं का उल्लंघन कर दिया है, ऐसा करना अपनी आत्मा को चिरस्थाई नरक में भेजने और अग्नि की शास्वत झील में भेजने के लिए काफी है।[4] इसी वज़ह से यीशु हमें चेतावनी देते हैं कि वह

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

**1** उत्पत्ति 19:1-25, नंबर्स 22:1-35, 25:1-9, 2 शमएल 24:1-17, 2 राजा 19:35, 1 अध्याय 21:9-30, 2 अध्याय 32:19-22, प्रकाशित वाक्य 7:1-2, अध्याय 8, 9:1-5, 13-21, 14:8-11, 15-20, इतिहास 16, 18:1-2, 21, 19:17-21, 20:1-3, 21:9 **2** मत्ती 3:7-10, 7:13-23, यूहन्ना 14:12, 15, 21-24, 15:1-14, रोमन्स 12:5-21, गलातियों 5:14-26, इफिसियों 4:20-32, तीतुस 2:11-15, इब्रानियों 2:1-3, याकूब 1:21-27, 1 पतरस 4:7-8, 2 पतरस 1:3-11, 1 यूहन्ना 2:3-11, 15-17, 3:4-12, प्रकाशित वाक्य 3:14-22 **3** प्रकाशित वाक्य 3:14-22 **4** याकूब 2:10-11

## अग्निमय रथ

*(पृष्ठ 1 से जारी)*

चारों ओर बहाने नहीं बना रहे। वह कहते हैं, "मैं तेरे कामों को जानता हूँ [वह हम जो कुछ कहते अथवा करते हैं उसके बारे में जानता है], कि तू न तो ठंडा है और न गर्म। चूँकि तू गुनगुना है, और न ठंडा है और न गर्म, मैं तूझे अपने मुँह से उगल दूँगा" (प्रकाशितवाक्य 3:15-16)।

हम जो कुछ भी कहते हैं या करते हैं वह प्रभु कैसे जानते हैं? हम जानते हैं कि हमने जो कुछ भी कहा अथवा किया है अथवा हम जो कुछ भी कहेंगे अथवा करेंगे एक पुस्तक में लिखा होता है।[5] हम जानते हैं कि ईश्वर हर जगह है, ब्रहमांड उन्हें सीमित नहीं रख सकता है।[6] वह सर्वशक्तिमान भी है, जिसका मतलब है उसकी शक्तियाँ और उसका प्राधिकार असीमित हैं। वह सर्वशक्तिमान है।[7] वह सर्वव्यापी है, जिसका मतलब है कि वह हमेशा हर कहीं व्याप्त है।[8] जो कुछ हम करते अथवा कहते हैं उस सब के बारे में जानना ईश्वर के लिए कठिन नहीं, और उसके लिए झूठ बोलना भी असंभव है (इब्रानियों 6:18)।

यीशु में विश्वास करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि वे कहते हैं कि प्रत्येक बेकार शब्द के लिए हमारा निर्णय किया जाएगा। मत्ती 12:36 में कहा गया है, "मैं तुम से कहता हूँ, कि हर बेकार की बातें जो मनुष्य कहेंगें, न्याय के दिन हर बात का हिसाब होगा।" प्रकाशित वाक्य 20:11-12 में कहा गया है, "और मैंने एक बड़ा श्वेत सिंहासन और उसे देखा जो उस पर बैठा था, जिसके सामने से पृथ्वी और स्वर्ग गायब हो गए और उनके लिए जगह न मिली। फिर मैंने छोटे-बड़े सब मरे हुओं को सिंहासन के सामने खड़े पाया; पुस्तकें खोली गईं; एक और पुस्तक खोली गई; अर्थात् जीवन की पुस्तक; जैसा उन पुस्तकों में लिखा हुआ था, मरे हुओं का न्याय उनके कामों के अनुसार किया गया था।"

मैंने एक और साहित्य में लिखा है कि ईश्वर ने पृथ्वी पर पापियों और पाप स्थलों को नष्ट करने के लिए अपने स्वर्गदूतों को भेजा है।[10] प्रकाशित वाक्य पुस्तक में सात प्लेग के सेट में से पहले और दूसरे प्लेग के बारे में बताया गया है जिन्हें स्वर्गदूत समस्त और अत्यंत पापी पृथ्वी पर फैलाएँगे (प्रकाशित वाक्य 8:6, 9:21, 11:14-19, 16:1-21)।

एक स्वर्गदूत ने केवल एक ही रात में सन्हेरीब की सेना, जिसमें 185,000 आदमी थे, को नष्ट कर दिया। "उसी रात प्रभु के दूत ने निकलकर अश्शुरियों की छावनी में एक लाख पचासी हजार [185,000] पुरुषों को मारा, जब सवेरे लोग उठे तो उन्होंने देखा कि लाशें बिछी पड़ी थीं" (2 राजा 19:35)।[11] डेविड ने इज़रायल की गिनती करके पाप किया, लेकिन ईश्वर ऐसा नहीं चाहते थे, तो ईश्वर ने इजरायल के बच्चों में प्लेग फैलाने के लिए एक स्वर्गदूत भेजा, जिसने 70,000 लोगों को मार दिया (2 शमूएल 24:15)।

ईश्वर, सर्वव्यापी, अर्थात् एक ही समय हर जगह मौजूद होने के कारण, अपने स्वर्गदूतों को, जो उसके कर्मचारी हैं, पृथ्वी पर लोगों को श्राप देने के लिए भेजता है, ताकि दुष्ट लोगों का विनाश किया जा सके। ये स्वर्गदूत संदेशवाहक भी होते हैं जो मैरी और एलिजाबेथ जैसे लोगों के लिए हर्ष की खबर पहुँचाने के लिए भेजे जाते हैं।[12]

अब, ईश्वर की तरफ से एक आग ज्वाला की तरह जल रही है जिसके बारे में देवदूत पीटर, 2 पतरस 3:7-14 ने कहा है: "लेकिन वर्तमान काल के स्वर्ग और पृथ्वी उसी वचन द्वारा स्टोर में रखे गए हैं, कि जलाए जाएँगे; वह भक्तिहीन मनुष्यों के न्याय और नाश होने के दिन तक ऐसे ही रखे रहेंगे। लेकिन हे प्रियों, यह एक बात तुमसे छिपी न रहे कि प्रभु के यहाँ एक दिन हजार वर्ष के बराबर है और हजार वर्ष एक दिन के बराबर है। [इसका सीधा सा अर्थ है कि ईश्वर आपका और मेरा आँकलन करने की जल्दी में नहीं क्योंकि हमारा जीवन बेहद छोटा है।[13] ईश्वर शाश्वत है; वह अमर है।[14] उसे मालूम है कि उनके एक या दो बार आँख झपकाने की देरी में आप और हम उनके सामने खड़े होंगे।[15] उनके पास बहुत अधिक समय है। जब और समय नहीं बचेगा तो वे आपसे और मुझसे बहुत जल्दी मिलेंगे]।" प्रभु अपने वादे [अपने निर्णय] के विषय में सुस्त नहीं, जैसाकि लोग हमारे लंबें दुखों के संबंध में उनकी ढिलाई का आरोप लगाते हैं, वे (प्रभु) नहीं चाहते हैं कि किसी का भी नाश हो, लेकिन सभी को पश्चाताप करने के लिए आना चाहिए [हमारे निर्णय की दो झपकियाँ खत्म होने से पूर्व]।

"परन्तु प्रभु का दिन, रात में चोर की तरह आएगा; उस दिन स्वर्ग शोर मचाता हुआ गुजर जाएगा, तत्व बहुत अधिक तप्त होकर पिघल जाएँगे, पृथ्वी और उसके काम जल जाएँगे। यह देखते हुए कि ये सब वस्तुएँ इस रीति से पिघलने वाली हैं, तुम्हें पवित्र चालचलन और भक्ति में किस प्रकार का मनुष्य होना चाहिए, परमेश्वर के उस दिन की बाट किस तरह से देखनी चाहिए और उसके जल्द आने के लिए कैसी कोशिश करनी चाहिए; जिसके कारण स्वर्ग आग से पिघल जाएगा, तत्व तप्त होकर गल जाएँगे। पर उसकी प्रतिज्ञा के अनुसार, हम एक नए स्वर्ग और नई पृथ्वी की आस देखते हैं जिनमें धार्मिकता वास करेगी। इसलिए, हे प्रियो, जबकि तुम इन बातों की आस देखते हो तो उसके सामने शांति से निष्कलंक और निर्दोष होने के लिए अध्यवसाय करो।"

एक ईश्वर की अग्नि है जो ऊपर वर्णित आग की तरह नहीं जलती, पूरे स्वर्ग और पृथ्वी पर जलती है। यहाँ इस प्रकार के कुछ उदाहरण दिए गए हैं। प्रकाशितवाक्य 1:13-14 में कहा गया है कि सात गिरजाघरों की प्रतीक सात मोमबत्तियों के बीच एक थी, "जैसे कि मनुष्य के पुत्र (यीशु) का पुत्र को जो एक पुरुष था जो पाँवों तक का वस्त्र पहिने और छाती तक सुनहरा पटुका बाँधे हुए था। उसका सिर और उसके बाल श्वेत ऊँन और बर्फ के समान सफेद थे [जो उनकी ईश्वर का मेमना होने का प्रतीक है, जिसे दुनिया की नींव रखने से पहले उन लोगों के पापों के लिए मार डाला गया था जो

---

**5** व्यवस्था विवरण 31:21, 1 राजा 8:39, 2 राजा 19:27, 1 इतिहास 28:9, अय्यूब 31:4, 34:21-22, 25, भजन संहिता 44:21, 69:5, 139:1-16, 23-24, यशायाह 29:15-16, यहेजकेल 11:5, लूका 16:15, प्रेरितों के काम 15:18, इब्रानियों 4:13, 1 यूहन्ना 3:20, प्रकाशित वाक्य 20:12-13 **6** 1 राजा 8:27, 2 अध्याय 2:6, भजन संहिता 139:7-16, नीतिवचन 15:3, 11, यिर्मयाह 23:23-24 **7** उत्पत्ति 17:1, 35:11-12, 1 अध्याय 29:11-12, 2 अध्याय 20:6, अय्यूब 42:2, भजन संहिता 104:1-32, यशायाह 26:4, 40:12-18, 21-28, मत्ती 19:26, 24:30, 28:18, लूका 1:37, यूहन्ना 17:2, प्रेरितों के काम 26:8, इफिसियों 1:19-22, कुलुस्सियों 1:12-19, 2:10, इब्रानियों 1:1-12, प्रकाशित वाक्य 4:11, 16:9, 19:6 **8** भजन संहिता 139:3-10, यिर्मयाह 23:23-24, प्रेरितों के काम 7:48-49, 17:24 **9** भजन संहिता 19:14, मत्ती 12:36-37 **10** "प्रभु की सेना और वायुसेना (दर्शक)," "हमारे ग्रह पर मँडराते दिव्य फरिश्ते," उत्पत्ति 19:1-25, निर्गमन 33:1-3, 2 सैम्युअल अध्याय 24, 2 राजा 6:8-17, 19:1-35, 2 इतिहास 20:1-24, 32:1-22, भजन संहिता 34:7, 35:4-6, Zech. 1:7-21, मत्ती 13:36-43, 47-50, 16:27, प्रेरितों के काम 12:21-23, यहूदा 14-15, प्रकाशित वाक्य 7:1-2, अध्याय 8, 9:1-5, 12-21, 14:8-11, 15-20, 15:1, अध्याय 16, 18:1-2, 21, 19:17-21, 20:1-3, 21:9 **11** 2 इतिहास 32:19-21, यशायाह 37:36 **12** उत्पत्ति 16:6-15, 21:14-21, न्यायाधीश अध्याय 13, 1 राजा 19:1-8, दान्नियेल अध्याय 6, मत्ती 1:18-25, 28:1-8, लूका 1:5-20, 26-38, 2:7-16, प्रेरितों के काम 1:9-11, 10:3-6, 12:1-11, 27:9-44 **13** 1 इतिहास 29:15, अय्यूब 4:17-21, 7:6-10, 9:25-26, भजन संहिता 22:29, 39:4-6, यशायाह 2:22, 40:6-7, याकूब 1:10-11, 4:14, 1 पतरस 1:24 **14** निर्गमन 15:18, व्यवस्था विवरण 32:39-40, अय्यूब 36:26, भजन संहिता 9:7, 10:16, 29:10, 45:6, 90:1-4, 93:2, 102:12, 24-27, 146:10, यशायाह 44:6, विलापगीत 5:19, दान्नियेल 4:34, लूका 1:33, इब्रानियों 1:10-12, 1 तीमुथियुस 1:17, 6:15-16, प्रकाशित वाक्य 1:8, 17-18, 4:8-11 **15** भजन संहिता 73:18-19, सभोपदेशक 12:13-14, दान्नियेल 7:9-10, प्रेरितों के काम 17:30-31, रोमन्स 2:5-13, 16, 14:10-12, 1 कुरिन्थियों 15:52, 2 कुरिन्थियों 5:10, इब्रानियों 10:26-31, प्रकाशित वाक्य 11:18, 20:11-15

पश्चाताप करेंगे[16]]; और उसकी आँखें आग की ज्वाला के समान थी...।"

"परमेश्वर के दूत ने कटीली झाड़ी के बीच आग की लौ में उसको [मूसा] दर्शन दिए; उसने दृष्टि उठाकर देखा कि झाड़ी जल रही थी पर भस्म नहीं होती थी" (निर्गमन 3:2)।

"और प्रभु उन्हें [इजराइल राज्य] दिन में मार्ग दिखाने के लिए मेघ के खम्भे में, और रात में उजियाला देने के लिए आग के खम्भे में होकर उनके आगे-आगे चला करते थे, ताकि वे दिन और रात, दोनों में चल सकें" (निर्गमन 13:21)।

"और इजराइल के बच्चों की आँखों में प्रभु का तेज पर्वत की चोटी पर प्रचण्ड आग सा दिख रहा था" (निर्गमन 24:17)।

मत्ती 3:11 में जॉन बैपटिस्ट कहते हैं, "मैं पश्चाताप तक आपको पानी से बपतिस्मा देता हूँ: परन्तु जो मेरे बाद आने वाला है वह [यीशु] मुझसे शक्तिशाली है, मैं उसकी जूती उठाने योग्य भी नहीं हूँ: वह तुम्हें पवित्र आत्मा और आग से बपतिस्मा देगा।"

"और ऐसा तब हुआ जब वह [यीशु] उनके साथ भोजन करने बैठा, तो उसने रोटी लेकर आशीर्वाद दिया और उसे तोड़कर उन्हें दी। और तब उनकी आँखे खुलीं; उन्होंने उसे पहचान लिया और वह उनकी आँखों से ओझल हो गया। उन्होंने आपस में कहा, जब वह मार्ग में हमसे बातें करता था, पवित्र शास्त्रों के अर्थ हमें समझाता था, तो क्या हमारे भीतर हमारे हृदय नहीं जले?" (लूका 24:30-32)।

2 राजा 6:17 में, एलीशा ने ईश्वर से अपने परिचरों और नौकरों की आँखें खोलने के लिए प्रार्थना की, "तब एलीशा ने यह प्रार्थना की, हे प्रभु, इसकी आँखें खोल दें कि यह देख सके। तब प्रभु ने सेवक की आँखें खोल दीं, जब वह देख सका, तब क्या देखाः एलीशा के चारों ओर का पहाड़ अग्निमय [पवित्र आत्मा की तरह, वह अग्नि जिसके साथ यीशु बापिस्ता करता है जब हमें ऊपर से शक्ति प्रदान की जाती है, पवित्र आत्मा और अग्नि द्वारा बापिस्ता करता है] घोड़ों और रथों [कैरिज, यूएफओ, उड़न याँतश्तरियाँ] से भरा है।"

प्रेरितों के काम 1:7-9 में यीशु अपने शिष्यों से कहता है, "उस समय या मौसम को जानना, जिसे पिता ने अपने ही अधिकार में रखा है, तुम्हारा काम नहीं है। परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम में प्रविष्ट हो जाए तो तुम शक्ति [अग्नि और उत्साह] प्राप्त कर लोगे; और यरूशलेम सारे यहूदिया और सामरिया में, पृथ्वी के छोर तक मेरे गवाह होंगे। ऐसा कहने के बाद वह उन्हें देखते-देखते ऊपर उठा लिया गया, बादल ने उसे उनकी आँखों से छिपा लिया।"

पवित्र आत्मा यीशु को स्वर्ग में ले गई। पवित्र आत्मा ही यूएफओ, उड़न तश्तरियों अथवा अग्निमय रथों, जिनमें स्वर्गदूत बैठें हैं, का संचालन करती है। वे किसी ग्रह से नहीं, ये दिव्य हैं - स्वर्ग से आए हैं - यीशु के पृथ्वी पर दुबारा लौटने से ठीक पहले पृथ्वी का निरीक्षण कर रहे हैं। वे यीशु द्वारा मत्ती के 24वें अध्याय में यीशु द्वारा बताए गए कष्टों की शुरुआत को भी क्रियान्वित कर रहे हैं। यीशु ने कहा था: "सावधान रहो ताकि कोई तुम्हें भरमा न पाए। क्योंकि बहुत से ऐसे होंगे जो मेरे नाम से आकर कहेंगे कि मैं मसीह हूँ; बहुतों को भरमाएँगे। और तुम लड़ाइयों और लड़ाइयों की अफवाहों के बारे में सुनोगे: देखो तुम घबरा न जाना: क्योंकि इनका होना अवश्य है, परन्तु उस समय अंत न होगा। क्योंकि जाति पर जाति और राज्य पर राज्य चढ़ाई करेगा, और जगह-जगह अकाल पड़ेंगे, प्लेग की महामारी फैलेगी [प्लेग एक भयानक महामारी है; यह बहुत ही नुकसानदेह है], भूकंप आएँगे। ये सब बातें दुःखों का आरम्भ होंगी (मत्ती 24:4-8)।"

क्या आपको नहीं लगता कि हम दुःखों की शुरुआत से आगे निकल चुके हैं? छंद 9 में कहा गया है, "तब वे कष्ट दिलाने के लिए तुम्हें पकड़वाएँगे [और ईश्वर और गेनदूत देखते रहेंगे!], और तुम्हें मार डालेंगे [जैसाकि उन्होंने वाको जनसंहार में पुरूष, महिलाओं और बच्चों को मार डाला - और ईश्वर और उसके देवदूत देखते रहे। जेनेट रेनो और बिल क्लिंटन ने नेशनल टीवी पर कहा कि वे दोनों इसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। बिल क्लिंटन ने कहा, 'इससे लोगों को यह सबक सीखना चाहिए कि किसी संप्रदाय से नहीं जुड़ना चाहिए।' यह फर्स्ट एमेन्डमेंट के विरुद्ध बिल क्लिंटन द्वारा किया गया बहुत अधिक गैर कानूनी, असंवैधानिक कृत्य था।] और मेरे नाम के कारण [क्योंकि तुम यीशु से प्यार करते हो। यीशु और देखने वाले यहाँ घटित हो रही सभी चीजों को देख रहे हैं।] सब जातियों के लोग तुम [सच्चे ईसाई] से बैर रखेंगे। तब बहुतों को ठेस लगेगी [एक सच्चा ईसाई (न कि कैथोलिक) होने के कारण उत्पीड़न की वजह से], एक-दूसरे को पकड़वाएँगे [जैसा कि उन्होंने किया है], एक-दूसरे से बैर रखेंगे [जैसाकि वे करते हैं]। कई झूठे पैगम्बर [शैतान से] उठ खड़े होंगे और बहुत से लोगों को धोखा देंगे। [प्रकाशितवाक्य 12:9 में कहा गया है 'वह बड़ा अजगर अर्थात् वही पुराना साँप, जो राक्षस और शैतान कहलाता है, सारे संसार को भरमाने वाला है, पृथ्वी पर गिरा दिया गया (स्वर्ग से); उसके दूत उसके साथ गिरा दिए गए।'] अधर्म बढ़ने

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

## घाना

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

राष्ट्रों के लिए आपके द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों के लिए ईश्वर आपको बहुत-बहुत आशीर्वाद दे। मैरी चर्च, द ग्रेस ऑवर मिनिस्ट्री इंटरनेशनल, घाना के लोग टोनी अलामो के न्यूज़लेटर को वितरित करने के लिए काफ़ीकुमासी के आस-पास के शहरों में 5,000 से अधिक लोगों के पास गए। हम उनके लिए शुभ समाचार लेकर आए और उनमें से 500 लोगों ने स्वयं को ईसामसीह के प्रति समर्पित कर दिया और हम ईश्वर के वचन का अध्ययन करने और टोनी अलामो की मिनिस्ट्री के लिए प्रार्थना करने के लिए मंगलवार और रविवार को बैठक आयोजित करते हैं। उनके लिए हमारा वर्ष का विषय है: 2013 द ईयर ऑफ डिवाइन सक्सेस (1 राजा 8:56)। इस समूह के डायरेक्टर के रूप में मैं आपसे साहित्य की 20,000 प्रतियाँ, समूह के नए नेताओं के लिए बाइबल की 50 प्रतियाँ, 11-20 फरवरी, 2013 के दौरान आयोजित होने वाले आगामी ओपन एयर क्रूसेड के लिए मसीहा की 300 प्रतियाँ भेजने का अनुरोध करता हूँ, और एक बार फिर प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर को हमारी प्रार्थना सुननी चाहिए और पास्टर अलामो को जेल से रिहा कराना चाहिए।

स्टीफन कव्वाबला गेवे — वोल्टा क्षेत्र, घाना

---

**16** यशायाह 53:4-12, यूहन्ना 1:29, 1 पतरस 1:18-19, प्रकाशित वाक्य अध्याय 5, 6:16, 7:9-17, 12:11, 13:8, 14:1-4, 15:3, 17:14, 19:7-9, 21:9-27



## अग्निमय रथ

*(पृष्ठ 3 से जारी )*

से बहुतों का प्रेम ठण्डा हो जाएगा। परन्तु जो अंत तक धीरज रखेगा, उसी का उद्धार होगा। [ईश्वर और अग्निमय रथ सभी चीजों को देख और सुन रहे हैं।] राज्य का यह सुसमाचार [यह सच] जगत में प्रचारित किया जाएगा कि सभी जातियाँ गवाह होंगी, तब संसार का अंत आएगा। अत: जब तुम उस उजाड़ने वाली घृणित वस्तु को देखो, जो डेनियल भविष्यवक्ता द्वारा बोली गई थी, तो पवित्र स्थान में खड़े हो जाओ (जो पढ़े, वह समझे)" (मत्ती 24:9-15)।

ऐसी घृणा जो समस्त संसार को उजाड़ती है तब होती है जब, रोम में पोप, वेटिकन, एक विश्व की सरकार, नई विश्व व्यवस्था, बनाने के लिए पूरी दुनिया के राष्ट्रों के प्रमुखों को इकट्ठा करते हैं, जो कि पाशविक जंगलीपन है। ऐसा शैतान की आत्मा द्वारा होगा।

यहाँ वेटिकन की एक प्रेस विज्ञप्ति के बारे में दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 का एक लेख दिया गया है: "वेटिकन का विश्व सरकार और एक न्यू वर्ल्ड ऑर्डर के लिए आह्‌वान," जिसे एक्टिविस्ट पोस्ट के योगदानकर्ता एन्ड्रयू पुहानिक द्वारा लिखा गया है। "कैथोलिक चर्च [पंथ] के नेता, पोप बेनेडिक्ट ने विश्व सरकार और एक न्यू वर्ल्ड ऑर्डर की स्थापना का आह्‌वान किया है। पोंटिफिकल कौंसिल फॉर जस्टिस एण्ड पीस में भाषण देते हुए पोप ने सोमवार, 3 दिसम्बर, 2012 को 'अनुरूपी प्राधिकार के साथ विश्व समुदाय के निर्माण' का आह्‌वान किया, ताकि 'मानव परिवार की साझा भलाई' की सेवा की जा सके।"

साझा भलाई क्या है? प्रकाशित वाक्य 16:1-2 में ईश्वर ने कहा है कि यदि हम ऐसे पाशविक घातक जंगली जानवर-तुल्य संगठन, इस एक विश्व सरकार, इस नई विश्व व्यवस्था से जुड़ते हैं, तो हम अपना ही भाग्य चुन रहे हैं: "फिर मैंने मन्दिर में किसी को ऊँचे शब्द से उन सातों स्वर्गदूतों से यह कहते सुना कि जाओ, परमेश्वर के प्रकोप के सातों कटोरों को पृथ्वी पर उड़ेल दो। इसलिए वह पहले गया और अपना कटोरा पृथ्वी पर उड़ेल दिया; और उन मनुष्यों पर जिन पर जंगली जानवर की छाप थी [जो कि एक बार फिर से एक विश्व सरकार, नई विश्व व्यवस्था का संकेत है], जो उसकी मूरत की पूजा करते थे [जो धोखा खाए हुए, अरक्षित लोगों की पूरी दुनिया है], एक प्रकार का बुरा और दुखदाई फोड़ा निकला।"

प्रकाशितवाक्य 19:20 में कहा गया है, "और वह जंगली जानवर [एक विश्व सरकार, रोम द्वारा अध्यक्षता की जा रही नई विश्व व्यवस्था[17]] और उसके साथ वह झूठा भविष्यवक्ता [जो कि रोमन कैथोलिक संप्रदाय चर्च है] पकड़ा गया था, जिसने उसके सामने ऐसे चमत्कार दिखाए, जिनके द्वारा उसने उन्हें भरमाया [झूठे चमत्कार, जैसे कि मैरी को दिखाना, क्रूस पर खून बहती यीशु की बुत, हाथों से खून बहती मैरी की बुत], जिन्होंने उस जंगली जानवर की छाप ली थी [वे सभी लोग जिन्हें शैतान ने धोखा दिया था], और जो उसकी छवि की पूजा करते थे [जो उसकी सरकार की सेवा करते हैं और उससे वेतन पाते हैं], ये सभी जीते जी उस आग की झील में डाले गए जो गंधक से जलती है।"

जो कुछ भी यह पोप कर रहा है और कह रहा है उससे यह छली हुई दुनिया अपने हाथ अथवा माथे पर जल्दी से जंगली जानवर का निशान बनवाने की ओर जा रही है। जो लोग पशु के इस निशान को धारण कर रहे हैं वे सभी पवित्र आत्मा की ईशनिंदा कर रहे हैं, यह पोप शांति और सुरक्षा के नाम पर बहुत लोगों को ठग रहा

**17** प्रकाशित वाक्य 17:1-9, 15-18, 18:1-10, 15-19, 24, 19:1-3

## कैलिफोर्निया

अलामो चर्च,

साहित्य के पिछले बॉक्स के लिए आपका धन्यवाद। मैं एक और बॉक्स इस्तेमाल कर सकता हूँ। मेरे पास साहित्य की केवल तीन प्रतियाँ बची हैं!

जब मैं बहुत अधिक कारें देखता हूँ तो मैं इन्हें विंडशील्ड पर रख देता हूँ! बीज बोने के संबंध में पास्टर अलामो के टेप का मेरे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। पास्टर टोनी ने यह भी कहा है, "जबकि आप कर सकते हैं तो कुछ करें।" कल मैंने एक लुथर चर्च स्कूल देखा जिसमें बहुत अधिक कारें थीं और एक कॉलेज था और फिर सील बीच घाट क्षेत्र देखा और मेरा साहित्य खत्म हो गया! यह प्रभु के नाम एक बहुत अच्छा दिन था और मैंने अपने पसंदीदा खेल का बहुत अधिक आनंद उठाया, "शैतान के पीछे लातें मारना," जैसाकि पास्टर टोनी ने कहा, "इसमें मुझे बहुत मजा आया।" जैसाकि आप जानते हैं बहुत से लोगों ने वेटिकन नियंत्रित मीडिया के माध्यम से टोनी के बारे में सुना है! जब मैंने इन लोगों को साहित्य दिया, तो मैंने सुनिश्चित किया कि ये लोग पास्टर अलामो के बारे में सही बातें जानें! वे लोग उनके विरुद्ध जो बदनाम करने वाला अभियान चला रहे हैं वह पूरी तरह से झूठा है और वे उससे नफरत करते हैं (जैसाकि उन्होंने यीशु के साथ किया था) क्योंकि वे वेटिकन, शैतान के पंथ को बेनकाब करने की वजह से उनका दुश्मन #1 है।

यह शब्दों का युद्ध हैं, जैसाकि पास्टर अलामो ने कहा है, शैतान की झूठ के विरुद्ध ईश्वर की सच्चाई! लेकिन, बहुत से लोग, जिन्हें मैंने साहित्य दिया वे टोनी अलामो मिनिस्ट्री के बारे में सच्चाई जानते हैं! वे लोग टोनी को जितना अधिक परेशान करेंगे प्रभु टोनी को उतना ही अधिक प्यार करेंगे। आपको केवल इतना करना है कि आपको केवल उन संदेशों को सुनना हैकि वह ईश्वर का सच्चा पेगम्बर है! पास्टर टोनी आपको स्वर्ग में बहत बड़ा पुरस्कार मिलेगा, अन्य लोगों की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर करने की वजह से आप हमेशा स्वर्ग में रहेंगे, और हमेशा जलने वाले नरक से बच जाएँगे! भले ही वे आपकी हत्या कर दें, मैं जानता हूँ कि आपके द्वारा शुरू किया गया अनंत सुसमाचार का उपदेश का ईश्वर का कार्य जारी रहेगा! शैतान ईश्वर के सच्चे कार्य को नहीं रोक सकता! भले ही आप जेल में हैं, सुसमाचार का आपके साहित्य के माध्यम से और आप जैसे समर्पित ईसाइयों के माध्यम से दुनियाभर में पहले से भी अधिक जोरदार ढंग से उपदेश दिया जा रहा है। शैतान हारा हुआ विरोधी है। ईश्वर महान है!

वेटिकन, महान वेश्या, न बदला है और न कभी बदलेगा! मैं प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर पास्टर अलामो को इस शैतानी जानवर से दूर रखेगा और मुझे विश्वास है कि वह ऐसा करेगा! "आपके विरुद्ध तैयार कोई भी हथियार सफल नहीं होगा।" क्या भरोसा है! "मेरे अभिषिक्तों को मत छूओ और न ही मेरे नबियों को हानि पहुँचाओ!" प्रकाशित वाक्य 18:24 में कहा गया है, "और भविष्यवक्ताओं और पवित्र लोगों, पृथ्वी पर सब घात किए हुओं का रक्त उसी [वेटिकन] में पाया गया।" लेकिन हम जानते हैं कि अंत में जीत किसकी होती है, शैतान की जीत नहीं होती! जारी रखें! मैं जानता हूँ आपकी, चर्च की और टोनी की जीत होगी। जैसाकि टोनी ने कहा है, "मुझे विश्वास है कि आपने नए घृणा कानून के बारे में सुना होगा- यदि आप समान लिंग के लोगों के बीच शादी के विरुद्ध हैं, तो यह एक अपराध होगा।" मुझे विश्वास है कि वे शीघ्र ही इसे लागू कर देंगे।

प्रत्येक चीज के लिए एक बार आपका पुन: धन्यवाद। मैं साहित्य प्राप्त करने की आशा कर रहा हूँ ताकि मैं शैतान पर हमला करना जारी रख सकूं! प्रभु की प्रशंसा कर सकूं!

डब्ल्यू.डी. लेकवुड, कैलिफोर्निया

है।[18] प्रकाशित वाक्य 13:16-17 में कहा गया है, "उसने [शैतान ने पोप, उसकी झूठी चर्चों और उसके नई विश्व व्यवस्था और एक दुनिया सरकार का रूप धारण कर लिया है] छोटे, बड़े, धनी, कंगाल, स्वतंत्र, दास सब के दाहिने हाथ या उनके माथे पर एक छाप लगवा दी: उसे छोड़ जिस पर छाप अर्थात् जंगली जानवर का नाम, या उसके नाम का अंक हो, और कोई लेन-देन न कर सकें।"

प्रेस विज्ञप्ति में पोप कहता है, "यह वैश्विक शांति और न्याय की सुरक्षा का साधन है ['तुम अपने पिता शैतान से हो, और अपने पिता की लालसाओं को पूरा करना चाहते हो। वह तो आरंभ से हत्यारा है, और सत्य पर स्थिर न रहा, क्योंकि सत्य उसमें है ही नहीं। जब वह झूठ बोलता है तो अपने स्वभाव से ही बोलता है; क्योंकि वह झूठा है, वरन झूठ का पिता है' (युहन्ना 8:44)]। विश्व सरकार बनाने और एक न्यू वर्ल्ड ऑर्डर स्थापित करने संबंधी पोप का दृष्टिकोण कथित तौर पर एक नई सुपरपॉवर का सृजन नहीं करना चाहता, बल्कि एक नया शासी निकाय बनाना चाहता है [जो निंदित, अरक्षित दुनिया के लिए है (लेकिन संतों के लिए मुक्ति वाला है)] जो उन लोगों (कुटिल राजनेताओं) के लिए हैं जो निर्णय लेने, न्याय के मानदण्ड बनाने, और व्यवहारिक दिशा-निर्देश बनाने के लिए जिम्मेदार हैं। पोप ने कहा, 'प्रस्तावित निकाय (विश्व सरकार) कोई सुपरपॉवर नहीं होगी, न ही कुछ लोगों के हाथों तक सीमित होगी, जो सभी लोगों पर अपना प्रभुत्व रखें, कमजोरों का शोषण करें।' [वे ऐसा ही करने की योजना बना रहे हैं और ऐसा कर भी रहे हैं।] पोप ने अपने दृष्टिकोण को 'नैतिक [अनैतिक] बल' अथवा प्राधिकार कहा है [यदि वह इतना ही नैतिक हैं तो यह सरकार टेन कमांडेंट्स को सरकारी स्कूलों अथवा सरकारी भवनों जैसे कोर्टरूम में अपनाए जाने की अनुमति क्यों नहीं देता?] जिसके पास 'तर्क के अनुसार प्रभावित करने की शक्ति है, अर्थात् यह भागीदारी है जो अपने न्यायधिकरण में कानून द्वारा सीमित है।'"[19]

ईश्वर हम सभी को शैतान के संगठनों, विशेषकर शैतान की एक दुनिया सरकार से दूर रहने को कहता है, जिसने अपना नियंत्रण शैतान के हाथ से नई विश्व व्यवस्था के हाथ में दे दिया है।[20] आप ईश्वर में विश्वास करेंगे अथवा इस शैतानी वेटिकन रोमन कैथोलिक पंथ और पोप में? शैतान के पोप में विश्वास करने का कोई लाभ नहीं है। जो लोग उसमें

*(पृष्ठ 8 पर जारी)*

**18** यिर्मयाह 6:13-14, 8:11, यहेजकेल 13:9-10, मत्ती 10:34, 1 थिस्सलुनीकियों 5:1-9 **19** http://www.activistpost.com/2012/12/vaticancalls-for-world-government-and.html

## सुज़ैट ब्राउन का साक्ष्य



*सिस्टर सुज़ैट ब्राउन*

मेरा नाम सुज़ैट ब्राऊन है और मैं लगभग पाँच वर्षों से टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज की सदस्य हूँ। ये पाँच वर्ष मेरे जीवन के सर्वश्रेष्ठ वर्ष रहे हैं। अपने पास्टर, टोनी अलामो की शिक्षाओं के माध्यम से मैंने सीखा कि प्रार्थना किस प्रकार करें और प्रभु के समीप कैसे रहा जा सकता है, बाइबल को प्रार्थनापूर्वक किस प्रकार पढ़ा जाए और लोगों को इससे किस प्रकार अवगत कराया जा सकता है। मैं टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्री की आभारी हूँ क्योंकि मोक्ष प्राप्त करने के बाद मैं पूरे दिल से प्रभु की सेवा करना चाहती थी और मैं उसे अपना जीवन समर्पित करना चाहती थी, इस काम के लिए चर्च के दरवाज़े मेरे लिए खुले थे।

बहुत छोटी आयु से ही मेरा पालन-पोषण विभिन्न क्रिश्चियन चर्चों में हुआ। जब मैं छोटी थी तो मुझे गॉस्पल (सुसमाचार) संगीत सुनना पसंद था। मेरे अंकल माइक एक पास्टर थे और जब मेरी आयु पाँच वर्ष की थी तो उन्होंने मुझे नरक के बारे में बताया था। उन्होंने मुझे अग्नि और कभी समाप्त न होने वाली यंत्रणाओं के बारे में बताया था। मैंने उनसे पूछा, "मैं किस प्रकार बच सकती हूँ?" उन्होंने मेरे साथ प्रार्थना की। मुझे वह प्रार्थना याद है, "प्रभु मुझे विश्वास है कि आप क्रूस पर मेरे पापों की वजह से मरे और तीसरे दिन पुन: जीवित हो उठे। हे प्रभु यीशु मेरे दिल में बस जाओ।" अपने पापों को धोने के लिए मुझे यीशु के रक्त की शक्ति के बारे में कभी भी नहीं बताया गया था अथवा न ही ईश्वर के धर्मादेशों का पालन करने के बारे में बताया गया था। मेरे अंकल ने मुझे बताया कि मेरी रक्षा हो चुकी है और मैं अपना मोक्ष नहीं खो सकती हूँ। मेरा मानना है कि "जो एक बार रक्षित हो गया तो हमेशा के लिए रक्षित हो गया," और कोई भी संपूर्ण नहीं है। चर्चों से मैंने यही सीखा है। मैं असल में यह सोचती थी कि मोक्ष के लिए मुझे केवल प्रार्थना करनी है और यह विश्वास करना है कि यीशु मेरे पापों की वजह से क्रूस पर मरे। मैंने 5 वर्ष की आयु से विश्वास करना शुरू कर दिया था और मेरी रक्षा हो गई।

जब मैं हाई स्कूल में सीनियर थी तो मैं सदर्न बैप्टिस्ट चर्च जाती थी। पास्टर और क्वायर के अध्यक्ष पाप करते थे जिससे क्रिस्चनियटी से मेरा मोह भंग हो गया। मैं भी ज्यादा अच्छी नहीं थी, मैं भी पापी थी। मैंने चर्च जाना बंद कर दिया।

हाई स्कूल के अंतिम वर्ष के दौरान मैं मौज-मस्ती करना और टुकड़ों में जीना चाहती थी। मैं ईमानदार छात्रा थी। हाई स्कूल के अंतिम वर्ष के दौरान मैंने गलत लोगों के साथ रहना शुरू कर दिया और मैं मेथामफेटामाइन की आदी हो गई। मैंने इसे प्रतिदिन लेना शुरू कर दिया। मैंने झूठ बोलना, चोरी करना और नशीले पदार्थ बेचना शुरू कर दिया। मेरा जीवन गर्त में चला गया। मैं बहुत अधिक खोई-खोई और अवसादग्रस्त रहने लगी। मैं एकदम खाली और अकेली रह गई थी। मैंने अपने बॉयफ्रेंड के साथ रहने के लिए अपना घर छोड़ दिया, वह भी एक ड्रग डीलर था, मैं बेहद दुखी हो गई थी। मैंने कॉलेज छोड़ दिया और काम करना बंद कर दिया तथा नशे का जीवन जीने लगी। मैंने अपने जीवन के आठ वर्षों तक मेथामफेटामाइन लिया। मैं कभी भी किसी चीज की आदी नहीं होना चाहती थी लेकिन मैं शैतान के वश में थी और मैं अपने आपको रोक नहीं पाती थी।

11 सितम्बर के कुछ वर्ष बाद, मैंने "लूज़ चेंज" देखी। मैंने ट्विन टावर्स को ढहते हुए देखा और मुझे पता है कि यह

*(पृष्ठ 6 पर जारी)*

# सुज़ैट ब्राउन का साक्ष्य

(पृष्ठ 5 से जारी)

तबाही किसी के द्वारा नियंत्रित थी। मैंने 11 सितम्बर पर शोध करना शुरू किया। मैं सच्चाई जानना चाहती थी कि 11 सितम्बर के लिए जिम्मेदार कौन है। मुझे अपनी सरकार पर विश्वास नहीं था। मैंने चार से पांच साल तक शोध किया - हजारों घंटों का शोध किया। यह शोध मेरे लिए जीवन से दूर जाने के समान और एक जुनून की तरह था। जीवन के इस मोड़ पर मुझमें लालसा जाग गई और मैंने शोध शुरू कर दिया। एक दिन मुझे मालूम हुआ कि मैं जो पढ़ रही थी वह झूठ था। मैं अपने कंप्यूटर पर बैठी थी और मैंने प्रार्थना करनी शुरू की, "हे प्रभु मुझे 11 सितम्बर के बारे में सच्चाई बताओ; सच्चाई जानने के लिए मैं काफी अधिक भार महसूस कर रही हूँ। मैंने बहुत सा शोध किया है। मुझे सच्चाई दिखाओ और झूठ को समाप्त करो।" प्रभु ने मुझे तत्काल जवाब दिया। मैंने जेसुइट और वेटिकन के बारे में जानकारी खोजनी शुरु की। मुझे कैथोलिक चर्च के बारे में कुछ भी मालूम नहीं था। मैंने अल्बर्टो रिवेरा (पूर्व जेसुइट पादरी) का एक ऑनलाइन वीडियो देखा जिसमें वे 1984 में टोनी अलामो क्रिस्चन मिनिस्ट्री में बोल रहे थे। मैंने एक पीले स्टिकी नोट पर "टोनी अलामो क्रिस्चन मिनिस्ट्रीज" लिखकर एक ओर रख दिया, और टोनी अलामो क्रिस्चन मिनिस्ट्रीज के बारे में पूरी तरह से भूल गई। मैंने जेसूइट और वेटिकन के बारे में शोध करना जारी रखा। मैं क्लेश-पूर्व उत्साह में विश्वास करती हूँ, इसलिए मैंने सोचा कि जब यहाँ एक दुनिया सरकार होगी तो मैं यहाँ नहीं रहूँगी। ईश्वर ने मुझे समझा दिया कि हम अंतिम दिनों में जी रहे हैं और यह कि वेटिकन सभी प्रकार की घृणा का जनक है। मैं इसमें विश्वास करना नहीं चाहती थी।

लगभग इसी समय, मेरा बॉयफ्रेंड मेरे पास आया और मुझे बताया कि परमानन्द सत्य नहीं था। मैं गुस्सा हो गई, लेकिन मैं बाइबल के बारे में नहीं जानती था और अपनी धारणाओं की पुष्टि के लिए मैं उन्हें बाइबल से कुछ भी नहीं बता सकी। अत: उन्हें गलत सिद्ध करने के लिए मैंने बाइबल पढ़नी शुरू कर दी। अपनी धारणा की पुष्टि के लिए मुझे बाइबल में भी कुछ भी नहीं मिला। मैंने मत्ती के अध्याय 24 के छंद 29-30 पढ़ें: "उन दिनों के क्लेश के बाद तुरन्त सूर्य अँधियारा हो जाएगा, और चाँद से रोशनी नहीं देगा और तारे स्वर्ग से गिर पड़ेंगे और स्वर्ग की शक्तियाँ हिलाई जाएँगी। तब मनुष्य के पुत्र का चिन्ह स्वर्ग में दिखाई देगा, और तब पृथ्वी के सब कुलों के लोग छाती पीटेंगे; और मनुष्य के पुत्र को बड़ी सामर्थ्य और ऐश्वर्य के साथ स्वर्ग के बादलों पर आते देखेंगे।" मैंने सोचा, "प्रभु क्लेश के बाद आएँगे, न कि पहले!" मैंने उन धर्मग्रंथों को भी पढ़ना जारी रखा जिनमें वे अपने शिष्यों से कहते हैं "देखो," और "तैयार रहो," "आप मेरे आगमन के समय, क्षण और घण्टे के बारे में नहीं जानते हो।" मैंने प्रभु से पूछा, "यदि हम अपना मोक्ष नहीं खो सकते तो आप अपने शिष्यों से देखने और तैयार रहने के लिए क्यों कह रहे हैं? हमें किसके लिए देखना है?" प्रभु ने मेरे दिल से कहा,"क्योंकि आप अपने मोक्ष को खो सकते हैं।" मैं चर्चों से बहुत अधिक गुस्से थी। मुझसे झूठ बोला गया था और मेरे साथ धोखा किया गया था। मैं लौटकर चर्च नहीं जाना चाहती थी।

इस समय भी मैं खोई हुई और अपने पापों से मरी हुई थी और मुझे मेथ की लत लगी थी। मैंने जेसुइट पर शोध करना छोड़ दिया क्योंकि मैं डरी हुई थी। मैं इस बात को अपने दिमाग से निकाल देना चाहती थी। एक दिन, जब मैं अपने कमरे में नशे में थी मुझमें में एक जबर्दस्त विश्वास आया। मैं प्रभु की मौजूदगी महसूस कर सकती थी। मैं अनियंत्रित होकर रोने लगी। मैं अपने घुटनों के बल बैठ गई और पूरे

## जर्मनी

प्रिय पास्टर अलामो,

ईश्वर की ओर से शुभकामनाएँ। आपकी वेबसाइट पढ़कर धन्य हो गया। मैं आपसे अंग्रेजी और जर्मन भाषा में अपना कुछ साहित्य भेजने का अनुरोध करता हूँ। यदि आप 100 लोगों के लिए सामग्री भेजते हैं तो बहुत ही अच्छा होगा क्योंकि मैं चाहता हूँ कि मेरी चर्च में हर किसी के पास मसीहा पुस्तक हो। क्या आप इसकी 50 प्रतियाँ जर्मन भाषा में और 50 प्रतियाँ अंग्रेजी भाषा में भेज सकते हैं। इसके अलावा हमें बाइबल की 10 प्रतियाँ अंग्रेजी या जर्मन भाषा में चाहिए और हमें 1,000 लोगों के लिए फ्लायर्स की आवश्यकता है क्योंकि हम लोगों तक पहुँचना चाहते हैं! चूँकि आप ईश्वर के वचन के साथ खोए हुए तक पहुँचने में हमारी मदद कर रहे हैं इसलिए ईश्वर आपको बहुत-बहुत आशीर्वाद दें! आपके शीघ्र उत्तर की प्रतीक्षा में!

क्राइस्ट में आपका,

एँड्रे जे. स्कोएन — कोलोन, जर्मनी

## दक्षिण अफ्रीका

वह कितना चमत्कारिक है, याकूब का परमेश्वर और हमारा जीवित पवित्र परमेश्वर! मैं हमेशा परमेश्वर का धन्यवाद करता हूँ क्योंकि आपकी मिनिस्ट्री लोगों को ईश्वर के समीप ला रही है, और उन्होंने पूरे दिल, दिमाग, आत्मा और ताकत के साथ ईश्वर की सेवा करनी शुरू कर दी है। पास्टर टोनी अलामो आपका धन्यवाद। ईश्वर की कृपा और दया आप और आपकी मिनिस्ट्री पर बनी रहे।

गिफ्ट लिम्बन नंगवाले

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका गणतंत्र

## युगांडा

प्रिय पास्टर टोनी अलामो,

यीशु मसीह के नाम पर आपको शुभकामनाएँ। मैं पास्टर एम्ब्वता यमुनगु हूँ और मैं कंपाला, युगांडा में आपके साहित्य का वितरण करता हूँ।

मैं आपके साहित्य के माध्यम से ईश्वर द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनका धन्यवाद करता हूँ। मैं आपका साहित्य सिटी सेंटर कॉलेज स्कूल और नाकीवूबो प्राइमरी स्कूल में वितरित करता हूँ। 30 से अधिक छात्रों को बचाया जा चुका है। लोकतांत्रिक गणतंत्र कांगों में 15 लोग बचाए गए हैं।

मैं आपसे साहित्य के साथ-साथ 20 प्रतियाँ अंग्रेजी बाइबल की, 20 प्रतियाँ फ्रेंच बाइबल की, 20 प्रतियाँ फ्रेंच मसीहा की, 20 प्रतियाँ अंग्रेजी मसीहा की, युगांडा और कांगों की टीम के लिए 25 टीशर्ट भेजने का अनुरोध करता हूँ। ये बाइबल हाल ही में धर्म-परिवर्तन करने वाले लोगों को वितरित की जाएँगी।

क्राइस्ट में आपका,

पास्टर एम्ब्वता यमुनगु

कंपाला, युगांडा

दिल से प्रभु के समक्ष रोने लगी, और कहा, “मैं यह कैसे कह सकती हूँ कि मैं आपसे प्यार करती हूँ और पाप करना जारी रख सकती हूँ, मैं अपने आपको किस प्रकार क्रिस्चन कह सकती हूँ और पाप करना जारी रख सकती हूँ?” मेरे दिल के टूटकर लाखों टुकड़े हो गए। मैं बहुत अधिक शर्मिंदा, टूटी हुई और गंदा महसूस कर रही थी। प्रभु ने मुझे दिखाया कि मैं रक्षित नहीं थी और मैं नरक के मार्ग पर चल रही थी। मैंने प्रभु से कहा कि उसे पूरी तरह से समझने के लिए मुझे कोई रास्ता दिखाओ, कहीं जाने का रास्ता दिखाओ। मैंने प्रभु को बताया कि सभी चर्चों ने मुझ से झूठ बोला है और मुझे कहीं और जाना चाहिए। मैं नरक में नहीं जाना चाहती, मैं और अधिक नशाखोरी नहीं करना चाहती, लेकिन मैं स्वयं को रोक नहीं पाती हूँ। मैं और अधिक पाप करना नहीं चाहती, लेकिन मैं अपने आपको रोक नहीं पाती हूँ।

मैंने कई महीने पहले जो पीला स्टिकी नोट लिखा था, “टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्री” मैंने वह देखा। मैंने ऑनलाइन सुसमाचार (गॉस्पल) साहित्य पढ़ना शुरू किया। मुझे पर्याप्त रूप से समझ में नहीं आया। यह साहित्य पवित्र आत्मा से भरपूर था और यह मेरी टूटी हुई आत्मा के लिए घाव भरने वाले पानी की तरह था। मैंने दिन-रात इस साहित्य को पढ़ा। यह शक्तिशाली था। मैंने पढ़ा, “पोप का रहस्य,” “दुष्ट एक विश्व सरकार के एजेंट अपने आपको संयुक्त राज्य के एजेंट के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं,” और “एक और पर्ल हार्बर” और मैं जानता हूँ कि हमारे पास्टर सच्चाई को जानते हैं।

एक शनिवार की रात मैं अपने बॉयफ्रेंड के साथ सैन फ्रांसिस्को बे एरिया से गुजर रही थी। रविवार को मुझे दो सेवाएँ प्राप्त हुई। मैं पवित्र आत्मा को महसूस कर सकती थी। मैं जानती थी कि प्रभु मुझे चाहते थे, लेकिन मैं तैयार नहीं थी। मैं घर चली गई और प्रभु तीन सप्ताह तक मेरे साथ व्यवहार किया। मैं नशीले पदार्थों का इस्तेमाल कर रही थी और अपने बॉयफ्रेंड के साथ रह रही थी। एक दिन मैं “रोड टू पावर” नामक साहित्य पढ़ रही थी और मुझे अपने घुटनों के बल बैठने की आस्था प्राप्त हुई। शैतान मुझ से कह रहे थे कि मैं नशे की दुनिया में लौटने वाली हूँ इसलिए मैं पापी की प्रार्थना नहीं बोलना चाहती थी। लेकिन इस बार बेड़ियाँ टूट गई। मेरे दिल में पूरा विश्वास हो गया कि प्रभु मेरे पापों और नशे की लत से मेरी रक्षा करेंगे। मैंने पूरे दिल से पापी की प्रार्थना बोली, और अपने मस्तिष्क में सोचा, “मैं पूरे दिल से प्रभु की सेवा करने जा रही हूँ और पाप की दुनिया में कभी नहीं लौटूंगी।” मैं एक होटल के कमरे में अपने घुटनों पर बैठी थी। यीशु मसीह ने मुझे मुक्त कर दिया था। मैं जानती थी कि मेरी रक्षा हो चुकी है। मैं महसूस कर सकती थी कि उनकी पवित्र आत्मा मेरे अंदर प्रवेश कर चुकी थी और उसके रक्त ने मेरे पापों को धो दिया है। मैं बहुत अधिक खुश थी। मेरी आँखों से खुशी के आँसु बह रहे थे। मैं दौड़ना चाहती थी और हर किसी को यह बताना चाहती थी कि मेरे साथ अभी-अभी क्या घटित हुआ है। अब मेरी नशाखोरी और पाप करने की इच्छा नहीं थी। मैं केवल बाइबल पढ़ना चाहती थी और प्रभु की सेवा करना चाहती थी। मैं रक्षित होने के दो दिन बाद 11 जनवरी, 2008 को इस मिनिस्ट्री से जुड़ गई। मैंने दो सूटकेस पैक किए और एक ट्रेन पकड़कर यहाँ आ गई। मैं इतनी खुश पहले कभी नहीं थी। मैं अभी भी नशेखोरी से मुक्त हूँ। मुझे पवित्र आत्मा का बपतिस्मा प्राप्त हुआ और मैं अपना शेष जीवन ऐसे ही जीना चाहती थी, मैं ईश्वर की सेवा करना चाहती थी क्योंकि उन्होंने मेरे लिए अपना जीवन कलवारी पर न्योछावर कर दिया था। प्रभु सच में आपको बचा सकते हैं और आपको पाप से उबरने की शक्ति दे सकते हैं। उन्होंने मेरे लिए ऐसा किया और जो कोई भी पश्चाताप ईमानदार और पश्चात्तापी हृदय के साथ उसे पुकारते हैं, जो कि यीशु है, वह उन सबके लिए भी ऐसा ही करेगा।



*ब्रदर जोसेफ बांदा चिपटा टाउन सेंटर - चिपटा, जाम्बिया में पास्टर अलामो का आत्मा विजयी साहित्य वितरित करते हुए*

## फ्लोरिडा

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद! मैं पास्टर अलामो को बताना चाहता हूँ कि मैंने उनके अनेक संदेशों को डाउनलोड करके सुनने के लिए सीडी में डाल लिया है। इससे मैं रेडियो सुनने से दूर हो रहा हूँ (मैंने अपना टीवी पहले ही 2003 में छोड़ दिया था)। मैं हमेशा पास्टर अलामो के संदेश सुनता रहता हूँ, और मैं शब्द (वर्ड) के बारे में बहुत कुछ सीख रहा हूँ। इन्होंने मुझे बहुत अधिक आशीर्वाद दिया है!
लव इन यहशूआ,
हैंक क्रिस्चन,
सेंट पिटर्सबर्ग, फ्लोरिडा

## फिलीपींस

प्रिय इंजीलवादी टोनी अलामो,
मैं यह पत्र मैं अपने नियोक्ता की बेटी की मदद से लिख रही हूँ जो कि मेरी बहन समान है, क्योंकि मैं अच्छी तरह से अंग्रेजी लिख और बोल नहीं पाती। मैं उन्नीस वर्ष की हूँ; फिलीपींस के एँटिक राज्य के एक हाई स्कूल से पढ़ी हूँ और मैं एक वर्ष से अधिक समय से इस बहुत अच्छे परिवार के पास हाउसमेड हूँ।
यह परिवार प्रत्येक रविवार आपके रेडियो प्रोग्राम “टोनी अलामो मिनिस्ट्रीज” सुनता है और इन्होंने मुझे भी इस कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रोत्साहित किया। कई बार मैं कुछ शब्दों को नहीं समझ पाती लेकिन ये लोग मुझे समझा देते हैं कि प्रोग्राम में क्या कहा जा रहा है और एक बार इन्हें समझ लेने के बाद मैं संदेश पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर देती हूँ और इसकी और अधिक प्रशंसा करने लगती हूँ।
मुझे आशा है कि आप अपने प्रोग्राम के माध्यम से ईश्वर का प्यार फैलाते रहेंगे। आपको और अधिक शक्तियाँ प्राप्त हों और कृपया मुझे अपनी प्रार्थना मंशाओं में शामिल कर लें विशेषकर मेरे परिवार के स्वास्थ्य को। कृपया अपनी प्रार्थना मंशाओं में इस परिवार को भी शामिल कर लें जिसके लिए मैं काम करती हूँ। ये मेरे लिए बहुत ही अच्छे हैं और मेरे साथ अपनों जैसा व्यवहार करते हैं।
सलामत पो (धन्यवाद)।
लिएज्जले एस्पोनिल्ला
क्वेजों सिटी, फिलीपींस

## अग्निमय रथ

(पृष्ठ 5 से जारी)

विश्वास करेंगे उनका अंत हमेशा के लिए आग की झील में होगा।

ईश्वर में विश्वास करो जो साफ-साफ कहता है कि किसी अन्य ग्रह पर कोई जीवन नहीं। यह भी विश्वास करो कि यूएफओ स्वर्ग से देवदूत हैं, और सर्वशक्तिमान ईश्वर में विश्वास करो, वह सर्वव्यापी है, जिसका मतलब है कि वह एक ही समय में हर जगह विद्यमान है।

यदि आपकी पसंद ईश्वर है तो यह प्रार्थना बोलो। तत्पश्चात् बापतिस्मा करो, पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में पूरी तरह पानी में जलमग्न हो जाओ।[21] King James Version of Bible (बाइबल के किंग जेम्स संस्करण) का अध्ययन करो और वही करो जो यह कहती है।[22]

मेरे लॉर्ड और मेरे प्रभु, मेरी आत्मा पर, मुझ पापी पर, दया करो।[23] मेरा विश्वास है कि यीशु मसीहा प्रभु के जीवित पुत्र हैं।[24] मेरा विश्वास है कि उसकी मौत सूली पर हुई और उसने अपना कीमती खून, मेरे पहले के सभी पापों को माफ़ करने के लिए, बहाया।[25] मेरा विश्वास है कि प्रभु ने यीशू को अपनी पवित्र आत्मा की ताकत के बल पर मृत्यु से जीवित कर उठाया,[26] वे प्रभु के दायीं ओर बैठते हैं, इस दौरान वो मेरी स्वीकारोक्तियों को तथा इस प्रार्थना को सुनते हैं।[27] मैंने अपने दिल के दरवाजे खोल दिए हैं और मैं आपको, यीशु मसीह को अपने दिल में पुकारता हूँ।[28] कैलवरी के क्रॉस पर मेरे बदले यीशु ने जो अपना कीमती खून बहाया, उससे मेरे समस्त निंदनीय पापों को धो दें।[29] यीशु मसीह, आप मुझसे दूर नहीं रहेंगे, आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ कर देंगे तथा मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मैं आपको जानता हूँ क्योंकि बाइबल ऐसा कहती है।[30] आपके शब्द कहते हैं कि आप किसी को भी अपने से दूर नहीं भेजते हैं, जिसमें, मैं भी शामिल हूँ।[31] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है और आपने उत्तर भी दे दिया है, जानता हूँ कि मुझे बचा लिया गया है।[32] मेरी आत्मा को बचाने के लिए, प्रभु यीशु धन्यवाद, आपके आदेश अनुसार चलकर व आगे पाप न करके अपनी कृतज्ञता दिखाऊँगा।[33]

अब आप बचा लिए गए हैं, आप अपने पूरे दिल, आत्मा, मन, और शक्ति से प्रभु की सेवा करें (मरकुस 12:30)[34]

प्रभु चाहते हैं कि आप अन्य लोगों को मोक्ष के बारे में बताएँ। आप पादरी टोनी अलामो गोस्पल साहित्य के वितरक बन सकते हैं। हम यह साहित्य आपके पास निःशुल्क भेजेंगे। अधिक जानकारी के लिए हमें कॉल करें अथवा ईमेल करें। इस संदेश को किसी और के साथ साझा करें।

यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो अपनी कमाई का दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा है, “क्या कोई आदमी ईश्वर को लूट सकता है? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? यह दशमांश और प्रसाद में है। तुम एक शाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे लूटा है, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक ‘दशमांश’ का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोर हाउस में लेकर आओ, मेरे घर में मांस [आध्यात्मिक आहार] हो सकता है बचाई हुई आत्माएँ], और मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं आपके लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और आप पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि आपके पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। और मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि मैं आपकी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, और वह आपकी जमीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; और न ही आपकी बेल पर समय से पहले फल लगेंगे। मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र आपको धन्य समझेंगे: क्योंकि तुमारी जमीन खुशहाल होगी (मलाकी 3: 8-12)।

**20** 2 कुरिन्थियों 6:14-18, 2 थिस्सलुनीकियों 2:3-12, प्रकाशित वाक्य 2:18-25, 14:8-11, 16:1-2, 10-11, अध्याय 17, 18:1-8, 19:1-3, 17-21, 20:4, 10 **21** मत्ती 28:19-20, यूहन्ना 3:5, प्रेरितों के काम 2:38, 19:3-5 **22** 2 तीमुथियुस 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशित वाक्य 3:18 **23** भजन संहिता 51:5, रोमन्स 3:10-12, 23 **24** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, यूहन्ना 9:35-37, रोमन्स 1:3-4 **25** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, मरकुस 3:25, 1 यूहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 5:9 **26** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, रोमन्स 16:9, 12, 14, यूहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, मरकुस 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **27** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **28** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशित वाक्य 3:20 **29** इफिसियों 2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 यूहन्नो 1:7, प्रकाशित वाक्य 1:5, 7:14 **30** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों 1:7, कुलुस्सियों 1:14 **31** मत्ती 21:22, यूहन्ना 6:35, 37-40, रोमन्स 10:13 **32** इब्रानियों 11:6 **33** यूहन्ना 5:14, 8:11, रोमन्स 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशित वाक्य 7:14, 22:14 **34** व्यवस्था विवरण 4:29, 6:5, 10:12, 11:13, 13:3-4, 26:16, 30:6, यहोशू 22:5, मत्ती 22:37-40, मरकुस 12:29-31, लूका 10:27

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*


**Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078**

**चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना की लाइन: (661) 252-5686 • Fax (661) 252-4362**

**www.alamoministries.com • info@alamoministries.com**


*टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं।*

**सेवाएँ प्रत्येक मंगलवार न्यू यॉर्क सिटी में सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर रात में आयोजित होती जानकारी के लिए कृपया (908) 937-5723 पर फोन करें। प्रत्येक सेवा के पश्चात् भोजन परोसा जाता है।**

*पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टामेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।*

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित निःशुल्क हैं।*

*इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलैक्ट) पर फोन करें।*

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फेंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुनःमुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© February 2013, 2014 सभी अधिकार पैस्टर टॉनी एलमाओ के पास सुरक्षित हैं ® February 2013, 2014

HINDI—*Volume 17500—Chariots of Fire*